# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता अपने वोट का उपयोग करें : कलेक्टर

- कलेक्टर वृष्णि ने मतदान केन्द्र के पीठासीन अधिकारी के समक्ष अपना पहचान पत्र प्रस्तुत किया और सभी प्रक्रियाओं के बाद डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डाला
- कलेक्टर ने पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान की व्यवस्था का अवलोकन किया और इसकी प्रगति जानी

**बीकानेर,** (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने बुधवार को डूंगर कॉलेज में पोस्टल बैलट के जरिए मतदान किया।

वृष्णि ने मतदान केन्द्र के पीठासीन अधिकारी के समक्ष अपना पहचान पत्र प्रस्तुत किया और सभी प्रक्रियाओं के पश्चात डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डाला। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें।

उन्होंने कहा कि संविधान ने जो अधिकार दिए हैं, उनमें मताधिकार सबसे अहम है। यह राष्ट्र के प्रति हर मतदाता की जिम्मेदारी भी है। सभी मतदाता इस जिम्मेदारी को निभाएं और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए वोट अवश्य करें।

उन्होंने पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान की व्यवस्था का अवलोकन किया और इसकी प्रगति जानी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दूलीचंद मीणा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, अतिरिक्त कलेक्टर नगर उम्मेद सिंह रतनू, कोषाधिकारी धीरज जोशी, तहसीलदार रामेश्वर गढ़वाल आदि मौजूद थे।

**स्याही का निशान दिखाने पर छूट :** लोकसभा चुनाव में मतदान के पश्चात अंगुली पर लगी अमिट स्याही दिखाने पर बीकानेर के 71 प्रमुख प्रतिष्ठान 3 से लेकर 50 प्रतिशत तक की छूट देंगे। यह छूट 19 और 20 दोनों दिन लागू रहेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि की पहल पर जिला उद्योग संघ ने यह नवाचार किया है। इनमें मार्ट, ज्वेलरी हाउस, ऑटो मोबाइल, मेडिकल, ब्यूटी पार्लर, होटल एंड रेस्टोरेंट, मिष्ठान भंडार, साड़ी, बैट्री, एयर कूलर, बड़ी, पापड़, आइसक्रीम, कैफे आदि सम्मिलित हैं।

मंगलवार को जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने उद्योग संघ की महाप्रबंधक मंजू नैन गोदारा, श्यामसुंदर सोनी, वीरेंद्र किराडू, रामरतन धारणिया, राकेश आहूजा, सुशील बंसल और सावन पारीक के साथ 71 प्रतिष्ठानों के ऑफर लेटर सौंपे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए चलाये जा रहे अभियान की श्रृंखला में जिला उद्योग संघ द्वारा किया जा रहे नवाचार के सकारात्मक परिणाम आयेंगे।

उन्होंने कहा कि इससे मतदाता प्रेरित होंगे और मत प्रतिशत में वृद्धि होगी। जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष पचीसिया ने कहा कि बीकानेर के उद्यमी नवाचार के लिए जाने जाते हैं। यह नवाचार प्रदेश के लिए नजीर बनेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह ऑफर दो दिन के लिए रखे गए हैं। आवश्यकता के अनुसार इसे और भी बढ़ाया जा सकेगा।

**मतदान दलों का रेण्डमाईजेशन :**लोकसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत मतदान दलों व माइक्रो आब्जर्वर का तृतीय रेण्डमाईजेशन बुधवार को डीओआईटी वीसी कक्ष कलेक्ट्रेट परिसर श्रीगंगानगर में सामान्य पर्यवेक्षक लोकसभा क्षेत्र गंगानगर मनोज कुमार, जिला कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी लोकबंधु एवं बीकानेर संसदीय क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक सौरभ भक्त की उपस्थिति में किया गया।

गंगानगर संसदीय क्षेत्र की विधानसभा सादुलशहर, गंगानगर, करणपुर, सूरतगढ़ एवं रायसिंहनगर के मतदान दलों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का तृतीय रेण्डमाईजेशन सामान्य पर्यवेक्षक लोकसभा क्षेत्र गंगानगर मनोज कुमार, जिला कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी लोकबंधु की उपस्थिति में किया गया।

इसी प्रकार संसदीय क्षेत्र बीकानेर की विधानसभा अनूपगढ़ के मतदान दलों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का तृतीय रेण्डमाईजेशन सामान्य पर्यवेक्षक सौरभ भक्त की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल सिंह, एडीएम प्रशासन वीरेन्द्र सिंह चौधरी, उपायुक्त वाणिज्य सन्नी प्रताप त्रिपाठी, सूचना विज्ञान अधिकारी परमजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पांचवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी जोरों पर

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने पांचवीं बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र शाला दर्पण पोर्टल पर जारी कर दिए हैं। पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं ने सभी संस्था प्रधानों व पीईईओ को विद्यालय लॉगिन से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षार्थियों को वितरित करने के निर्देश दिए हैं।

प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने पांचवीं बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र शाला दर्पण पोर्टल पर जारी कर दिए हैं। पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं ने सभी संस्था प्रधानों व पीईईओ को विद्यालय लॉगिन से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षार्थियों को वितरित करने के निर्देश दिए हैं। पांचवीं बोर्ड की परीक्षाएं 30 अप्रेल से शुरू होकर 4 मई तक तक चलेगी।

श्रीगंगानगर-अनूपगढ़ जिले के 641 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित होगी। परीक्षा में दोनों जिलो में 30 हजार 729 परीक्षार्थी पंजीकृत है। परीक्षाएं सुबह 8 बजे से 10.30 बजे तक होगी। हालांकि लोकसभा चुनाव की वजह से परीक्षा के टाइम-टेबल में बदलाव किया गया था। पांचवीं बोर्ड के परीक्षार्थियों को बुकलेट में ही प्रश्नों के उत्तर लिखने होंगे।

## सार-समाचार

### डॉ.राधाकृष्णन को याद किया

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसियशन (रेसटा) की और से प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद की अध्यक्षता महान शिक्षाविद,भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति, भारत रत्न श्रद्धेय डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 49वीं पुण्यतिथि पर उनके फोटो पर माला पहनाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पेंशन विभाग के सहायक निदेशक डॉ. राहुल गोठवाल रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष सलावद ने कहा कि डॉ.राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को चेन्नई से एक छोटे से कस्बे में हुआ था। उन्होंने न केवल महान शिक्षाविद के रूप में ख्याति प्राप्त की, बल्कि देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद को भी सुशोभित किया। स्वतंत्र भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को बचपन में कई प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। डॉ.राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के ज्ञानी, एक महान शिक्षाविद, महान दार्शनिक, महान वक्ता भी थे। मुख्य अतिथि डॉ. गोठवाल ने कहा कि राधाकृष्णन ने अपने जीवन के 40 वर्ष एक शिक्षक के रूप में बिताएं। वे एक आदर्श शिक्षक थे। डॉ. राधाकृष्णन अपनी प्रतिभा का लोहा बनवा चुके थे। राधाकृष्णन की योग्यता को देखते हुए उन्हें संविधान निर्मात्री सभा का सदस्य बनाया गया था। प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद,जिला सभाध्यक्ष गोपाल शर्मा, पेंशन विभाग के सहायक निदेशक डॉ. राहुल गोठवाल, सुरेंद्र सिंह शेखावत, श्रवण कुमार ढाल, मनीष कुमार, शिवम स्वामी, पुखराज आचार्य, गुलजार तंवर, ऋषभ कौशिक, नवीन गोयल, राकेश गर्ग, भानुप्रताप, रामनारायण मारू आदि उपस्थित थे।

### मतदान के दिन सूखा दिवस घोषित

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ग के प्रावधानों के अनुसरण में जिला श्रीगंगानगर, अनूपगढ़ में सूखा दिवस रहेगा। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकबंधु ने बताया कि जिला श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ में मतदान दिवस 19 अप्रैल के लिये 17 अप्रैल को सायं 6 बजे से 19 अप्रैल को सायं 6 बजे तक सूखा दिवस रहेगा। इसके अतिरिक्त जिले के जिन मतदान क्षेत्रों में मतदान होंगे, उन मतदान क्षेत्रों के बाहर के सीमावर्ती 3 किलोमीटर परिधि क्षेत्रों में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति के दिन सायंकाल 6 बजे तक सूखा दिवस रहेगा। मतदन केन्द्रों के क्षेत्रों में सायं 6 बजे तक सूखा दिवस रहेगा। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 4 जून 2024 को मतगणना दिवस के अवसर पर भी सम्पूर्ण जिला श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ में सूखा दिवस घोषित किया गया है।

### चाइनीज मांझा बेचते दो को दबोचा

**बीकानेर,** (कासं)। चाइनीज मांझा बेचते हुए पुलिस ने दो जनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। दरअसल यह कार्रवाई कोटगेट थाना पुलिस ने की है। पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि पोस्ट ऑफिस के नजदीक दो जने चाइनीज मांझा बेच रहे है। इसकी सूचना मिलने के साथ पुलिस ने मौके पर दबिश देकर दोनों को दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी गंगाशहर निवासी संदीप जैन पुत्र नथमल जैन तथा फड़बाजार निवासी शंकर मोदी पुत्र लालचन्द मोदी है। इनके कब्जे से पुलिस ने 55 चाइनजी मांझा की गेडिया मिली है। पुलिस के मुताबिक आरोपी प्लास्टिक बैग में चाइनीज मांझा लेकर खड़े थे।

### मतदान का दिया संदेश

**बीकानेर,** (कासं)। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत बुधवार को नरसिंगदास जीवणी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मतदाता जागरूकता के लिखे संदेशों के पोस्टर का विमोचन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर सेवग ने बताया कि मिस मूमल 2024 पारुल विजय एवं गरिमा विजय ने पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर पारुल ने कहा कि लोकसभा चुनाव मतदान दिवस लोकतंत्र का महापर्व है। हमारा एक मत हमारे अच्छे भविष्य का निर्माण करता है अतः हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर मतदान करना चाहिए।

# शारीरिक शिक्षक भी तैयार कर सकेंगे राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी

- राज्य सरकार शारीरिक शिक्षकों को राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थानों में विभिन्न खेलों में एक वर्षीय नियमित डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग में प्रवेश दिलाकर दक्ष करेगी

**बीकानेर,**(कासं)। सरकारी स्कूलों में विभिन्न खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार शारीरिक शिक्षकों को राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थानों में विभिन्न खेलों में एक वर्षीय नियमित डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग में प्रवेश दिलाकर दक्ष करेगी। इससे प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षक अपनी स्कूलों में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार कर सकेंगे।

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने सभी संभागीय संयुक्त निदेशकों तथा जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक मुख्यालय) को उनके अधीनस्थ सरकारी स्कूलों में कार्यरत ऐसे शारीरिक शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर के खेल संस्थानों से एक वर्षीय नियमित डिप्लोमा कोर्स करने के लिए आवेदन कराने के निर्देश दिए हैं, जो किसी खेल विशेष में भाग लेने चाहते हैं।

ऐसे शारीरिक शिक्षकों को अपने चयनित खेल में डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग का एक वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेशित संस्थान में रह कर ही करना होगा। इस दौरान ऐसे शारीरिक शिक्षक ड्यूटी पर माने जायेंगे और उन्हें नियमित वेतन और भत्ते प्रतिनियुक्ति पर मानते हुए दिए जायेंगे।

यही नहीं जिन शारीरिक शिक्षकों का इन राष्ट्रीय खेल संस्थानों में चयन होगा। उन्हें दोनों तरफ का यात्रा भत्ता भी कोर्स पूरा कर लौटने पर दिया जायेगा। इसके अलावा उन्हें 5 वर्ष सरकारी सेवा में रहने का अनुबंध पत्र भरना होगा।

यदि बीच में छोड़कर जाएंगे, तो ऐसे शिक्षकों को समस्त खर्चे का भुगतान करना होगा। जिन शारीरिक शिक्षकों का चयन होगा, उन्हें पटियाला, बैंगलुरू, कोलकाता तथा तिरूअनंतपुरम के राष्ट्रीय खेल संस्थानों में प्रवेश मिलेगा।

ये संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में दक्षता के लिए शारीरिक शिक्षकों के लिए पाठ्यक्रम संचालित करते हैं, जिसमें योग्य शारीरिक शिक्षकों को प्रवेश दिया जाता है। राष्ट्रीय खेल संस्थानों में एक वर्षीय खेल विशेष में कोचिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण लेने के इच्छुक सेवारत शारीरिक शिक्षक विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री तथा शारीरिक शिक्षा में डिप्लोमा/डिग्रीधारी होना चाहिए।

## ट्रक ड्राइवर को गाड़ी में डाल ले गए बदमाश

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के सीमावर्ती रणजीतपुरा पुलिस थाना क्षेत्र में ट्रक को ले जा रहे ड्राइवर को कुछ बदमाश अपनी गाड़ी में डालकर ले गए। इस आशय की रिपोर्ट पीड़ित ड्राइवर के पिता जग्गासर निवासी सत्तार खां पुत्र अहमद खां ने नामजद लोगों के खिलाफ थाने में दी है।

रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा ट्रक ड्राइवरी करता है। रिपोर्ट के मुताबिक 07 अप्रैल को उसका बेटा ट्रक में नमक भरकर अनूपगढ़ की ओर जा रहा था। जग्गासर गांव स्थित एक होटल के नजदीक बदमाशों ने उसके ट्रक को रूकवाया और ट्रक की चाबी छीन ली।

आरोप है कि आरोपी उसको दूसरी गाड़ी में डाल अपने साथ ले गए और उसकी जेब में पड़े रूपये भी छीन लिये। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर दंतौर निवासी मोमन खां पुत्र अली खां, वाहिद बक्स पुत्र मोहम्मद खां, शरीफ खां के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# पश्चिमी विक्षोभ से बारिश की संभावना बनी

- बीकानेर के इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती है

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर समेत पूरे प्रदेश में फिलहाल मौसम मेहरबान है। हालांकि आज भी तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। इसके बावजूद मौसम के मेहरबान होने की वजह से बीकानेर में गर्मी की तल्खी कम नजर आ रही है। ऐसे में कल और परसों फिर से बारिश का सिलसिला शुरू हो सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार 18 और 19 अप्रेल को राजस्थान में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण कुछ इलाकों में बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक 18 अप्रेल को बीकानेर व जोधपुर संभाग और 19 अप्रेल को जयपुर, भरतपुर, बीकानेर व जोधपुर में हल्की बारिश के आसार हैं।

इस दौरान इन इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती है। दूसरी ओर बीकानेर में बुधवार को भी आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई है। जिसके चलते कभी धूप तो कभी छांव का खेल चल रहा है।

बुधवार को बीकानेर में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। बीकानेर के आसमां में रह-रहकर बादलों के आने व जाने का सिलसिला जारी है। इसके बावजूद वातावरण में नमी महज 25 फीसदी है। 16 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से रूक-रूककर हवा चल रही है।


BANASTHALI VIDYAPITH
(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)
University for women: University with a difference





Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science)
M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.⁺

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law)

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology#)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)
M.Sc. (Microbiology)#

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research
M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS
M.A. Music (Vocal/Sitar), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/ Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | M.Des.

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, French#)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION
B.A.B.Ed.*, B.Sc.B.Ed.* (Integrated), B.Ed., M.Ed.

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

#Subject to approval
⁺JEE-2 & NATA qualified

*Admission to this course shall be based on merit-cum-aptitude test.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details.

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2024-25
Scan to explore for detailed information

LAST DATE FOR APPLICATION 30 April, 2024

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: 9116624101, 9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
• For general enquiry:
9352879844, 9352879855, 9352879866
• For UG/PG Admissions:
9116624102 (Engineering & Technology)
9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
9116624105 (Law & Management Studies)
9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: http://www.banasthali.org
or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
Scan to explore

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : 01438-228384, 228990
Mob.: +91-9352879844, 9352879855, 9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE World University Rankings 2024
nirf All India Rank
QS University Rankings Asia